S.O. 1442.—In exercise of the powers conferred by section 17 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), the Central Government hereby makes the following rules to amend the Export Inspection Council Employees (Classification, Control and Appeal) Rules, 1978 viz :—

1. (1) These rules may be called the Export Inspection Council Employees (Classification, Control and Appeal) Amendment Rules, 1979.

(2) They shall come into force on their publication in the Official Gazette;

2. In Export Inspection Council Employees (Classification, Control and Appeal) Rules, 1978,

(1) in rule 2, the following shall be added, namely :—

(l) 'Joint Director' means the Joint Director of the Export Inspection Council ;

(2) for sub-rule (4) of rule 12 the following sub-rule shall be substituted, namely :—

"(4) If the disciplinary authority having regard to its findings on all or any of the articles of charge and on the basis of the evidence aduced during the inquiry is of the opinion that any of the penalties specified in clauses (v) to (ix) of rule 8 should be imposed on the Council employee, it shall make an order imposing such penalty and it shall not be necessary to give the Council employee any opportunity of making representation on the penalty proposed to be imposed."

[F. No. 3(11)/76-EI&EP]

का. आ. 1443.—निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, निर्यात निरीक्षण अभिकरण कर्मचारी (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1978 में संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का नाम निर्यात निरीक्षण अभिकरण कर्मचारी (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) संशोधन नियम, 1979 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. उक्त नियमों के नियम 2 के उप-नियम (ट) में, शब्द "परिषद् का" के स्थान पर "परिषद् या अभिकरण का" शब्द रखे जाएंगे ।

3. उक्त नियमों के नियम 12 के उप-नियम (4) के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(4) यदि आरोप के किसी या सभी अनुच्छेदों पर अपने निष्कर्ष को ध्यान में रखते हुए तथा जांच के दौरान दिए गए साक्ष्यों के आधार पर अनुशासनिक प्राधिकारी की यह राय है कि नियम 8 के खंड (5) से (9) तक में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई शास्ति अभिकरण के कर्मचारी पर अधिरोपित की जानी चाहिए तो वह ऐसी शास्ति अधिरोपित करने का आदेश करेगा तथा अभिकरण के कर्मचारी को ऐसे अधिरोपित की जाने वाली प्रस्तावित शास्ति के विरुद्ध अभ्यावेदन करने का अवसर देना आवश्यक नहीं होगा ।"

[सं. 3(11)/76 ई. आई. एण्ड ई. पी.]

सी. बी. कुकरेती, उप निदेशक

S.O. 1443.—In exercise of the powers conferred by Section 17 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), the Central Government hereby makes the following Rules to amend the Export Inspection Agency Employees (Classification, Control and Appeal) Rules, 1978 viz :—

1. (1) These Rules may be called the Export Inspection Agency Employees (Classification, Control and Appeal) Amendment Rules, 1979.

(2) They shall come into froce on their publication in the Official Gazette.

2. Rules 10 and 9 of the Export Inspection Agency Employees (Classification, Control and Appeal) Rules 1978 shall be re-aligned as 9 and 10.

3. In sub-rule (k) of Rule 2 of the said Rules, the words "or Agency" shall be added at the end.

4. In sub-rule (1) of Rule 9 of the said Rules, the word "Council" appearing in second line shall be substituted as "Agency".

5. In sub-rule (2) of Rule 9 of the said Rules, the word "Council" appearing in third line shall be substituted as "Agency".

6. For sub-rule (4) of Rule 12 of the said Rules, the following sub-rule shall be substituted namely :—

"(4) If the disciplinary authority having regard to its findings on all or any of the articles of charge and on the basis of the evidence adduced during the inquiry is of the opinion that any of the penalties specified in Clauses (v) to (ix) of Rule 8 should be imposed on the Agency employee, it shall make an order imposing such penalty and it shall not be necessary to give the Agency employee any opportunity of making representation on the penalty proposed to be imposed".

7. Rule 1 appearing after Rule 15 of the said Rules shall be substituted as 16.

[F. No. 3(11)/76-EIEP]
C. B. KUKRETI, Jt. Director

(मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात का कार्यालय)

आदेश

नई दिल्ली, 26 मार्च, 1979

का. आ. 1444.—सर्वश्री दि मेटल बाक्स कम्पनी इंडिया लि., इलाहाबाद बैंक बिल्डिंग, 17 पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली-110001 को सामान्य मुद्रा क्षेत्र में लाइसेंस के लिए संलग्न सूची के अनुसार कच्चे माल और संघटकों के आयात के लिए 25,700/- रुपये मूल्य का आयात लाइसेंस सं. पी/डी/2206927/सी/एक्स एक्स/62/एच/43-44/पेपर दिनांक 1-2-77 प्रदान किया गया था ।

2. उन्होंने उपर्युक्त लाइसेंस की अनुलिपि सीमा-शुल्क प्रयोजन प्रति जारी करने के लिए इस आधार पर आवेदन किया है कि मूल सीमा-शुल्क प्रति किसी भी सीमा-शुल्क प्राधिकारी के पास पंजीकृत कराए बिना ही खो गई/अस्थानस्थ हो गई है । लाइसेंसधारी ने आगे यह बताया है कि लाइसेंस का बिल्कुल भी उपयोग नहीं किया गया था ।

3. अपने तर्क के समर्थन में, आवेदक ने एक शपथ-पत्र दाखिल किया है । अधोहस्ताक्षरी संतुष्ट है कि आयात लाइसेंस सं. पी/डी/2206927 दिनांक 1-2-77 की मूल सीमा-शुल्क प्रयोजन प्रति खो गई अथवा अस्थानस्थ हो गई है, इसलिए निदेश देता है कि आवेदक को लाइसेंस की अनुलिपि सीमा-शुल्क प्रयोजन प्रति जारी की जाए । मूल सीमा-शुल्क प्रयोजन प्रति एतद्द्वारा रद्द की जाती है ।

4. लाइसेंस की अनुलिपि सीमा-शुल्क प्रयोजन प्रति अलग से जारी की जा रही है ।

[सं. पेपर/50/1/76-77/आर एम-2]
सी. एस. आर्य, उप-मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात
कृते मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात

(Office of the Chief Controller of Imports & Exports)

ORDER

New Delhi, the 26th March, 1979

S.O. 1444.—M/s. The Metal Box Company of India Ltd. Allahabad Bank Building, 17 Parliament Street, New Delhi-110001 were granted Import licence No. P/D/2206927/C/XX/62/H/43-44/Paper dated 1-2-77 for import of Raw materials and Components as per list attached to its valuted is Rs. 25,700 from G.C.A.

2. They have requested for issue of duplicate Customs Purposes copy of the above said licence on the ground that the original Customs copy has been lost/misplaced without having been registered with any Customs authority. It has been further reported by the licensee that the licence was not utilised at all.

3. In support of the contention, the applicant have filed an Affidavit. The undersigned is satisfied that the original Customs Purposes copy of Imports licence No. P/D/2206927 dt. 1-2-77 has been lost or misplaced and hence directs that a duplicate Customs Purposes copy of the licence should be issued to the applicant. The original Customs Purposes copy is hereby cancelled.

4. The duplicate Customs Purposes copy of the licence is being issued separately.

[F. No. Paper/50/1/76-77/RM-II]

C. S. ARYA, Dy. Chief Controller of Imports & Exports
for Chief Controller of Imports and Exports

आदेश

नई दिल्ली, 17 अप्रैल, 1979

का. आ. 1445.—सर्वश्री सिम्पसन एण्ड कं लि., मद्रास को थ्रू. के./आई. एम. जी. के अन्तर्गत 15,00,000/- रुपए (केवल पन्द्रह लाख रुपए) का आयात लाइसेंस संख्या-पीडी/2213646, दिनांक 23-3-1978 प्रदान किया गया था ।

2. फर्म ने उपर्युक्त लाइसेंस की सीमा-शुल्क प्रति की अनुलिपि प्रति जारी करने के लिए इस आधार पर आवेदन किया है कि मूल सीमा

शुल्क प्रति सीमा शुल्क प्राधिकरण द्वारा अस्थानस्थ हो गई/खो गई हैं। लाइसेंसधारी ने आगे यह बताया है कि लाइसेंस की सीमा शुल्क प्रति किसी भी सीमा शुल्क कार्यालय के पास पंजीकृत कराए बिना और बिल्कुल भी उपयोग किए बिना अस्थानस्थ हो गई/खो गई हैं।

3. अपने तर्क के समर्थन में, आवेदक ने मद्रास में नोटरी के सम्मुख विधिवत् शपथ लेकर एक शपथपत्र दाखिल किया है। अधोहस्ताक्षरी सन्तुष्ट हैं कि आयात लाइसेंस संख्या-पी/डी/-2213646, दिनांक 23-3-1978 की मूल सीमा शुल्क प्रति खो गई है और निदेश देता है कि आवेदक को सामा शुल्क प्रति की अनुलिपि प्रति जारी की जाए। मूल सीमा शुल्क प्रति रद्द की जाती है।

4. लाइसेंस की सीमा शुल्क प्रति की अनुलिपि प्रति अलग से जारी की जा रही है।

[मिसिल संख्या-डी. ई/4/सेल-सर्विस/77-78/आर-एम-1]

सी. एस. आर्य, उप-मुख्य नियंत्रक

ORDER

New Delhi, the 17th April, 1979

S.O. 1445.—M/s. Simpson & Co Ltd., Madras were granted import licence No. P/D/2213656 dt. 23-3-1978 under UK/IMG for Rs. 15,00,000 (Rupees Fifteen Lakhs only).

2. The firm have requested for issue of duplicate Customs Copy of the above licence on the ground that the original Customs Copy has been misplaced/lost by the Customs Authorities It has been further reported by the licensee that the Customs Copy of the licence has been misplaced/lost without being registered at any Customs House and has not been utilised at all.

3. In support of their contention, the applicant have filed an Affidavit duly sworn in before a Notary in Madras. The undersigned is satisfied that the original Customs Copy of the import licence No. P/D/2213646 dt. 23-3-1978 has been lost and directs that a duplicate Customs Copy should be issued to the applicant. The original Customs Copy is cancelled.

4. The Duplicate Customs Copy of the licence is being issued separately.

[No. DE/4/Sale-Service/77-78/RM-I]

C. S. ARYA, Dy. Chief Controller.

(वाणिज्य विभाग)

(समुद्री उत्पाद उद्योग विकास नियंत्रण)

नई दिल्ली, 19 अप्रेल, 1979

का० आ० 1446.—का०आ०स० 337, दिनांक 25-1-1979 के अधीन जारी की गई अधिसूचना में, समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण नियम, 1972 के नियम 3 तथा 4 के साथ पठित समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1972 (1972 का 13) की धारा 4 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार द्वारा निम्नलिखित संशोधन किए जाते हैं:—

के स्थान पर	पढ़ें
क्रमांक 7	
श्री एस०गुरु मूर्ति, निदेशक वित्त प्रभाग वाणिज्य मंत्रालय	श्री पी०डी० खेमानी, उपसचिव वित्त प्रभाग, वाणिज्य मंत्रालय,
क्रमांक 10	
श्री बी०के० पवार, जहाजरानी के उपमहानिदेशक, जहाजरानी महानिदेशालय, बम्बई।	जहाजरानी के उप महानिदेशक, (जलयान चालन), जहाजरानी महानिदेशालय, बम्बई।
क्रमांक 16	
सचिव, विकास, केरल सरकार, त्रिवेन्द्रम।	श्री एस० कृष्णकुमार, सचिव (मत्स्य पालन), केरल सरकार, त्रिवेन्द्रम।

[सं०जे०/एम०-16/78-एपी(एग्री)]

(टी० आर० नागराजन, अवर सचिव)

(Deptt. of Commerce)

(MARINE PRODUCTS INDUSTRY DEVELOPMENT CONTROL)

New Delhi, the 19th April, 1979

S.O. 1446.—In the Notification issued under S.O. No. 387 dated 25-1-1979, the following amendments are made by Central Government in exercise of the powers conferred by Sub-Section (3) of Section 4 of the Marine Products Export Development Authority Act, 1972 (13 of 1972) read with rules 3 and 4 of the Marine Products Export Development Authority Rules, 1972.

For	Read
S. No. 7	
Shri S. Gurumurthy, Director, Finance Division, Ministry of Commerce.	Shri P.D. Khemani, Deputy Secretary, Finance Division, Ministry of Commerce.
S. No. 10	
Shri B.K. Pawar, Deputy Director General of Shipping, Directorate General of Shipping, Bombay.	Deputy Director General of Shipping (Sailing Vessels), Directorate General of Shipping, Bombay.
S.No. 16	
Development Secretary, Government of Kerala, Trivandrum.	Shri S. Krishnakumar, Secretary (Fisheries), Government of Kerala, Trivandrum.

[No. J/M-16/78-AP(Agri)]

T. R. NAGARAJAN, Under Secy.

भारतीय मानक संस्था

नई दिल्ली, 18 अप्रैल 1979

का० आ० 1447.—समय-समय पर संशोधित भारतीय मानक संस्था (प्रमाणन चिह्न) विनियम 1955 के विनियम 14 के उपविनियम (4) के अनुसार भारतीय मानक संस्था द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि लाइसेंस संख्या सी एम/एल-6819 जिसके ब्यौरे नीचे दिए गए हैं 17 जुलाई, 1978 से रद्द कर दिया गया है क्योंकि इस वस्तु का उत्पादन बन्द कर दिया गया है:

अनुसूची

क्रम संख्या	लाइसेंस संख्या और तिथि	लाइसेंसधारी का नाम और पता	रद्द किए गए लाइसेंस के अधीन वस्तु/प्रक्रिया	तत्संबंधी भारतीय मानक
1	2	3	4	5
1.	सी एम/एल-6819 1978-2-28	मैसर्स इलैक्ट्रिक कन्सट्रक्शन एण्ड इक्विपमेंट कं० लि०, 9, कालीप्रसन्न सिंघी रोड, कलकत्ता-700002 (प० बंगाल)	तीन फेजी प्रेरण मोटरें 2.2 किवा (5 हापा) से 7.5 कि०वा० (10 हापा) तक "ए" श्रेणी के रोधन वाली	IS : 325-1978 तीन फेजी प्रेरण मोटरों की विशिष्टि (चतुर्थ पुनरीक्षण)

[सी एम डी/55 : 6819]
ए० पी० बनर्जी, उपमहानिदेशक

INDIAN STANDARDS INSTITUTION

New Delhi, the 18th April, 1979

S.O. 1447.—In pursuance of sub-regulation (4) of regulation 14 of the Indian Standards Institution (Certification Marks), Regulation 1955 as amended from time to time, the Indian Standards Institution hereby notifies that Licence No. CM/L-6819 particulars of which are given below has/have been cancelled with effect from 17th July 1978 due to closing down of production.

SCHEDULE

Sl. No.	Licence No. and Date	Name and Address of the Licensee	Article/Process covered by the Licensees Cancelled	Relevant Indian Standards
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	CM/L-6819 1978-02-28	M/s. Electric Construction & Equipment Co. Ltd., 9, Kaliprasanna Singhee Road, Calcutta 700002 (W. Bengal).	Three-phase Induction motors 2.2 kW (5 HP) to 7.5 kW (10 HP) with class 'A' insulation.	IS: 325-1978 Specification for Three-phase induction motors (Fourth Revision).

[No. CMD/55:6819]
A. P. BANERJI., Dy. Director General

उद्योग मंत्रालय

(भारी उद्योग विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 18 अप्रैल, 1979

का. आ. 1448.—केन्द्रीय सरकार, विकास परिषद् (प्रक्रिया) नियम, 1952 के नियम 8 के साथ पठित, उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 (1951 का 65) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, श्री ए. एल. वाई. सुब्रामणियम को मोटरगाड़ी और सम्बद्ध उद्योग विकास परिषद् के सदस्य के रूप में नियुक्त करती है और भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय के आदेश सं० का. आ. सं. 958 तारीख 17 मार्च, 1979 में निम्नलिखित और संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त आदेश में, क्रम सं. 15 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित क्रम संख्यांक रखा जाएगा, अर्थात् :—

"15. श्री ए. एल. वाई. सुब्रामणियम,
प्रबन्धक (तकनीकी),
भारतीय औद्योगिक विकास बैंक,
जाली मेकर चेम्बर्स सं. 1,
227-बैंकर्स रेक्लेमेशन स्कीम,
मुम्बई-400021 ।

[फा. सं. 15(2)/77-एईआई-1]
टी. एस. विजयराघवन, विशेष कार्य अधिकारी

MINISTRY OF INDUSTRY

(Department of Heavy Industry)

ORDER

New Delhi, the 18th April, 1979

S.O. 1448.—In exercise of the powers conferred by section 6 of the Industries (Development & Regulation) Act, 1951 (65 of 1951), read with rule 8 of the Development Councils (Procedural) Rules, 1952, the Central Government hereby appoints Shri A. L. Y. Subrahmanyam, as a member of the Development Council for Automobile and Allied Industries, and makes the following further amendment in the Order of

the Government of India in the Ministry of Industry No. S. O. No. 958 dated the 17th March, 1979, namely :—

In the said Order, for serial No. 15 and the entries relating thereto, the following serial No. shall be substituted namely :—

"15. Shri A. L. Y. Subramanyam,
Manager (Technical),
Industrial Development Bank of India,
Jolly Maker Chambers No. 1,
227-Backbay Reclamation Scheme,
Bombay-400021."

[F. No. 15(2)/77-AEI-I]

T. S. VIJAYARAGHAVAN, Officer on Special Duty

ऊर्जा मंत्रालय

(कोयला विभाग)

नई दिल्ली, 18 अप्रैल, 1979

का० आ० 1449.—केन्द्रीय सरकार को यह प्रतीत होता है कि इससे उपाबद्ध अनुसूची में वर्णित भूमि में कोयला अभिप्राप्त किए जाने की संभावना है ।

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, कोयला वाले क्षेत्र (अर्जन और विकास अधिनियम, 1957 (1957 का 20) की धारा 4 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उसमें कोयले का पूर्वेक्षण करने के अपने आशय की सूचना देती है ।

इस अधिसूचना के अधीन आने वाले क्षेत्र के रेखांक का निरीक्षण वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड (राजस्व अनुभाग) बिसेसर हाउस टेम्पिल रोड, नागपुर के कार्यालय में या नियंत्रक, बेतुल (मध्य प्रदेश) के कार्यालय में अथवा कोयला नियंत्रक, 1 काउन्सिल हाउस स्ट्रीट, कलकत्ता के कार्यालय में किया जा सकता है ।

इस अधिसूचना के अधीन आने वाली भूमि में हितबद्ध सभी व्यक्ति, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 7 में निर्दिष्ट सभी नक्शों, चार्टों और अन्य दस्तावेजों को, इस अधिसूचना के प्रशासन की तारीख से 90 दिन के भीतर राजस्व अधिकारी, वेस्टर्न कोल फील्डस लिमिटेड, बिसेसर हाउस, टेम्पिल रोड, नागपुर को भेजेंगे ।

अनुसूची

शोभापुर ब्लाक

पठखेड़ा कोयला क्षेत्र

जिला बेतुल (मध्य प्रदेश)

रेखांक सं० डब्ल्यू० सी०एल०/पी०एल०बी०/सी 1 (ई-III)/एफ०एफ० आर०/222-12-78 तारीख 9-12-1978 ।

(जिसमें पूर्वेक्षण के लिए आरक्षित भूमि वर्णित की गई है)

क्रम सं०	ग्राम	थाना सं०	तहसील	जिला	टिप्पणियां
1.	बगडोना	23	बेतुल	बेतुल	भाग
2.	रानीपुर आरक्षित वन	—	यथोक्त	यथोक्त	भाग
3.	मध्य प्रदेश विद्युत बोर्ड का सरनी ऊष्मीय शक्ति गृह	—	यथोक्त	यथोक्त	भाग

कुल क्षेत्र : 1038 हैक्टेयर (लगभग)
या : 2565 एकड़ (लगभग)

सीमा विवरण

क—ख	रेखा कोयला वाले क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम, 1957 के अधीन पहले से ही अर्जित भूमि की सीमा के साथ साथ बगडोना गांव से होती हुई बिन्दु "ख" पर मिलती है ।
ख—ग	रेखा शोभापुर गांव की सीमा के साथ साथ होती हुई जाती है और फिर छतरपुर से होकर बिन्दु "ग" पर मिलती है ।
ग—घ	रेखा बगडोना गांव से होती हुई बिन्दु "घ" पर बगडोना गाँव और रानीपुर आरक्षित वन की सम्मिलित सीमा पर मिलती है ।
घ—ङ	रेखा घ गडोना गांव और रानीपुर आरक्षित वन की सम्मिलित सीमा के साथ साथ होती हुई बिन्दु "ङ" पर मिलती है ।
ङ—ङ 1	रेखा बगडोना गांव से होती हुई उसी गाँव में बिन्दु "ङ" 1 पर मिलती है ।
ङ—च	रेखा क्रमशः अधिसूचना सं० का० आ० 2760, 4055 और 290 ।
छ, ज और झ	तारीख 19-9-63, 14-10-71 और 18-12-71 के द्वारा
ञ, ट, ठ	कोयला वाले क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम, 1957 के अधीन पहले से ही अर्जित क्षेत्र की उत्तरी सीमा के साथ साथ होती हुई बिन्दु "ठ"
ड—ड	पर मिलती है ।
ढ ण	रेखा उस भूमि से होती हुई जो मध्य प्रदेश विद्युत बोर्ड के सरनी ऊष्मीय शक्ति गृह के स्वामित्वाधीन है, बिन्दु "ण" पर मिलती ।
ण, त, थ द ध	रेखा खनन अधिकारों का प्रयोग करते हुए, कोयला वाले क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम, 1957 के अधीन पहले से ही अर्जित पठखेड़ा ब्लाक III की दक्षिणी सीमा के साथ साथ होती हुई बिन्दु "ध" पर मिलती है ।
ध—क	रेखा खनन अधिकारों का प्रयोग करते हुए, कोयला वाले क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम, 1957 के अधीन पहले से ही अर्जित पठखेड़ा ब्लाक III की दक्षिणी सीमा के साथ साथ होती हुई बिन्दु "क" पर मिलती है ।

[सं० 19/7/79-सी०एल०]

MINISTRY OF ENERGY

(Department of Coal)

New Delhi, the 18th April, 1979

S.O. 1449.—Where as it appears to the Central Government that coal is likely to be obtained from the lands mentioned in the Schedule hereto annexed ;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 4 of the Coal Bearing Areas (Acquisition and Development) Act, 1957 (20 of 1957), the Central Government hereby gives notice of its intention to prospect for coal therein.

The plan of the area covered by this notification can be inspected at the Office fof the Western Coalfields Limited (Revenue Section), Bisesar House, Temple Road, Nagpur or at the Office of the Collector, Betul (Madhya Pradesh) or at the Office of the Coal Controller, 1, Council House Street, Calcutta.

All persons interested in the lands covered by this notification shall deliver all maps, charts and other documents referred to in sub-section (7) of Section 13 of the said Act to the Revenue Officer, Western Coalfields Limited, Bisesar House, Temple Road, Nagpur-1, within ninety days from the date of publication of this notification.

SCHEDULE

SHOBHAPUR BLOCK

PATHAKHERA COALFIELD

DIST. BETUL (MADHYA PRADESH)

Drg. No. WCL/PLG/C-1(E) III/FFR/222-12-78 dt. 9-12-1978.

(Showing land notified for prospecting)

Sl. No.	Village	P.C. No.	Tehsil	District	Remarks
1.	Bagdona	23	Betul	Betul	Part
2.	Ranipur Reserved Forest	—	,,	,,	Part
3.	Sarni Thermal Power House of M.P.E.B.	—	,,	,,	Part

Total Area : 1038 hectares (approximately)
OR 2565 acres (approximately)

Boundary Description

A-B	Line passes through village Bagdona along with boundary of land already acquired under the Coal bearing Areas (Acquisition and Development) Act, 1957 and meets at point 'B'.
B–C	Line passes along the boundary of village Shobhapur and then Chattarpur and meets at point 'C'.
C–D	Line passes through village Bagdona and meets on the commnon boundary of village Bagdona and Ranipur Reserve Forest at point 'D'.
D–E	Line passes along the common boundary of village Bagdona and Ranipur Reserve Forest and meets at point 'E'.
E–E1	Line passes through village Bagdona and meets in the same village at point 'E'1.
E1–F–G–H–I–J–K–L–M–N	Line passes along the northern boundary of the area already acquired under the Coal Bearing Areas (Acquisition and Development) Act, 1957, vide notifications No. S.O. 2760, 4055 and 290 dated 19-9-63, 14-10-71 and 18-12-71 respectively and meets at point 'N'.
N–O	Line passes through the land owned by Sarni Thermal Power House of M.P.E.B. and meets at point 'O'.
O–P–Q–R–S	Line passes along the southern boundary of Pathakhera Block III, already acquired under the Coal Bearing Areas (Acquisition and Development) Act, 1957 in Mining Rights and meets at point 'S'.
S–A	Line passes along the southern boundary of Pathakhera Block III, already acquired under the Coal Bearing Areas (Acquisition and Development) Act, 1957 in Mining Rights and meets at the starting point 'A'.

[No. 19(7)/79-CL]

का०आ० 1450.—केन्द्रीय सरकार ने, कोयला वाले क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम, 1957 (1957 का 20) की धारा 4 की उपधारा (1) के अधीन भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय (कोयला विभाग) की अधिसूचना सं० का०आ० 3459, तारीख 16 नवम्बर, 1978 द्वारा उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट परिक्षेत्र में 270.00 एकड़ (लगभग) या 109.26 हैक्टेयर (लगभग) भूमि में कोयले का पूर्वेक्षण करने के अपने आशय की सूचना दी थी;

केन्द्रीय सरकार का समाधान हो गया है कि उक्त भूमि में कोयला प्राप्त है ;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, कोयला वाले क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम, 1957 (1957 का 20) की धारा 7 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इससे उपाबद्ध अनुसूची में वर्णित 270.00 एकड़ (लगभग) या 109.26 हेक्टेयर (लगभग) माप वाली भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की सूचना देती है;

टिप्पण 1 : इस अधिसूचना के अधीन आने वाले क्षेत्र के रेखांक का निरीक्षण उपायुक्त, हजारी बाग (बिहार) के कार्यालय में या कोयला नियंत्रक 1, कान्सिल हाउस, कलकत्ता के कार्यालय में अथवा सेन्ट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड (राजस्व अनुभाग) दरभंगा हाउस रांची (बिहार) के कार्यालय में किया जा सकता है।

टिप्पण 2 : इसके द्वारा कोयला वाले क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम, 1957 (1957 का 20) की धारा 8 के उपबन्धों की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसमें निम्नलिखित उपबन्ध किए गए हैं, अर्थात् :--

8. (1) कोई व्यक्ति जो किसी भूमि में जिसकी बाबत धारा 7 के अधीन अधिसूचना निकाली गई है, हितबद्ध है, अधिसूचना के निकाले जाने से तीन दिन के भीतर सम्पूर्ण भूमि या उसके किसी भाग या ऐसी भूमि में या उस पर के किन्हीं अधिकारों का अर्जन किए जाने के बारे में आपत्ति कर सकेगा।

स्पष्टीकरण : इस धारा के अर्थान्तर्गत यह आपत्ति नहीं मानी जाएगी कि कोई व्यक्ति किसी भूमि में कोयला उत्पादन के लिए स्वयं खनन संक्रियाएं करना चाहता है और ऐसी संक्रियाएं सरकार या किसी अन्य व्यक्ति को नहीं करनी चाहिए।

(2) उपधारा (1) के अधीन प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी को लिखित रूप में की जाएगी और सक्षम प्राधिकारी आपत्तिकर्ता को स्वयं सुने जाने का या विधि व्यवसायी द्वारा सुनवाई का अवसर देगा और ऐसी सभी आपत्तियों का सुनने के पश्चात् और ऐसी अतिरिक्त जाँच, यदि कोई हो करने के पश्चात् जो वह आवश्यक समझता है वह या तो धारा 7 की उपधारा (1) के अधीन अधिसूचित भूमि के या ऐसी भूमि में या उस पर के अधिकारों के संबंध में एक रिपोर्ट या ऐसी भूमि के विभिन्न टुकड़ों या ऐसी भूमि में या उस पर के अधिकारों के संबंध में आपत्तियों पर अपनी सिफारिशों और उसके द्वारा की गई कार्यवाही के अभिलेख सहित विभिन्न रिपोर्ट केन्द्रीय सरकार को उसके विनिश्चय के लिए देगा।

(3) इस धारा के प्रयोजनों के लिए यह व्यक्ति किसी भूमि में हितबद्ध समझा जाएगा जो प्रतिकर के हित का दावा करने का हकदार होता यदि भूमि या ऐसी भूमि में या उस पर के अधिकार इस अधिनियम के अधीन अर्जित कर लिए जाते हैं।

टिप्पण 3 : केन्द्रीय सरकार ने, उक्त अधिनियम के अधीन कोयला नियंत्रक 1, काउन्सिल हाउस स्ट्रीट कलकत्ता को सक्षम प्राधिकारी के रूप में नियुक्त किया है।

अनुसूची

सिरका कोयला खान विस्तारण-II

(दक्षिण कर्णपुरा कोयला क्षेत्र)

जिला हजारी बाग

(बिहार)

रेखांक सं० राजस्व/4/79

तारीख 15-1-1979

सभी अधिकार

क्रम सं०	गांव	थाना	थाना सं०	जिला	क्षेत्र	टिप्पणियां
1.	बुन्दू	मांडू	39	हजारीबाग		भाग

कुल क्षेत्र :— 270.00 एकड़ (लगभग)
या 109.26 हेक्टेयर (लगभग)

बुन्दू गांव में अर्जित किए जाने वाले प्लाटों के संख्यांक

560, 562, 563, 564, 565, 566, 567, 568, 569, 570, 571 (भाग), 576 (भाग), और 646 (भाग) ।

सीमा विवरण

क ख	रेखा बिन्दु गांव में दामोदर नदी के बाएं किनारे के एक भाग के साथ साथ जाती है ।
ख ग	रेखा बिन्दू और सिरका गांव की सम्मिलित सीमा के एक भाग के साथ साथ जाती है ।
ग घ	रेखाएं बुन्दू गांव में प्लाट सं० 646, 571 और 576 से होती हुई जाती है ।
घ क	रेखा बिन्दू गांव में प्लाट सं० 576 से और प्लाट संख्यांक 559 और 560 की सम्मिलित सीमा के साथ साथ जाते हुए प्रारम्भिक बिन्दु "क" पर मिलती है ।

[सं० 19(46)/78 सी० एल०]

एस० आर० ए० रिजवी, निदेशक

S.O. 1450—Whereas by the notification of the Government of India in the Ministry of Energy (Department of Coal) No. S.O. 3459 dated the 16th November, 1978, under sub-section (1) of section 4 of the Coal Bearing Areas (Acquisition & Development) Act, 1957 (20 of 1957), the Central Government gave notice of its intention to prospect for coal in 270.00 acres (approximately) or 109.26 hectares (approximately) of the lands in the locality specified in the Schedule appended to that Notification ;

And whereas the Central Government is satisfied that coal is obtainable in the said lands ;

Now, Therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 7 of the Coal Bearing Areas (Acquisition & Development) Act, 1957 (20 of 1957) the Central Government hereby gives notice of its intention to acquire the lands measuring 270.00 acres (approx.) or 109.26 hectares (approximately) described in the Schedule appended hereto ;

NOTE 1. The plan of the area covered by this notification may be inspected in the office of the Deputy Commissioner, Hazaribagh (Bihar) or in the Office of the Coal Controller, 1-Council House Street, Calcutta or in the Office of the Central Coalfields Limited (Revenue Section) Darbhanga House, Ranchi (Bihar).

NOTE 2. Attention is hereby invited to the provisions of section 8 of the Coal Bearing Areas (Acquisition & Development) Act, 1957 (20 of 1957), which provides as follows:—

8(1) Any person interested in any land in respect of which a notification under section 7 has been issued may, within thirty days of the issue of the notification, object to the acquisition of the whole or any part of the land or of any part of the land or of any rights in or over such land.

Explanation : It shall not be an objection within the meaning of this section for any person to say that he himself desires to undertake mining operations in the land for the production of coal and that such operations should not be undertaken by the Central Government or by any other person.

(2) Every objection under sub-section (1) shall be made to the competent authority in writing, and the competent authority shall give the objector an opportunity of being heard either in person or by a legal practitioner and shall, after hearing all such objections and after making such further inquiry, if any, as he thinks necessary, either make a report in respect of the land which has been notified under sub-section (1) of section 7 or of rights in or over such land, or make different report in respect of different parcels of such land or of rights in or over such land, to the Central Government, containing his recommendations on the objections, together with the record of the proceedings held by him, for the decision of that Government.

(3) For the purposes of this section, a person shall be deemed to be interested in land who would be entitled to claim an interest in compensation if the land or any rights in or over such land were acquired under this Act.

NOTE 3. The Coal Controller, 1, Council House Street, Calcutta has been appointed by the Central Government as the competent authority under the said Act.

SCHEDULE

Sirka Colliery Extn. II

(South Karanpura Coalfield)

Distt. Hazaribagh

(Bihar)

Drg. No. Rev/4/79

Dated 15-1-1979

All Rights

Sl. No.	Village	Thana	Thana No.	District	Area	Remarks
1	Bundu	Mandu	39	Hazaribagh		Part

Total area :—270.00 acres (approx.)
or 109.26 hec. (approx.)

Plot nos. to be acquired in village Bundu :

560, 562, 563, 564, 565, 567, 568, 569, 570, 571 (part), 576 (part) and 646 (part).

Boundary Description:—

A–B	line passes along the part left bank of River Damodar in village Bundu.
B–C	line passes along the part common boundary of village Bundu and Sirka.
C–D–E	line passes through plot nos. 646, 571, and 576 in village Bundu.
E–A	line passes through plot no. 576 and along the common boundary of plot nos. 559 and 560, plot nos. 559 and 560, in village Bundu and meets fat starting point 'A'.

[No. 19(46)/78-CL]

S.R.A. RIZVI, Director

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्रालय

(पैट्रोलियम विभाग)

नई दिल्ली, 20 अप्रैल, 1979

का० आ० 1451.—पैट्रोलियम एवं खनिज पाइप लाइन (भूमि के प्रयोगकर्ता के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962 (1962 का 50), के खण्ड-2 की धारा (क) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार नीचे दी गई अनुसूची के कालम (1) में उल्लिखित प्राधिकारी को उक्त कालम (3) की तदनुरूपी प्रविष्टि में उल्लिखित राज्य की सीमाओं के भीतर उक्त अधिनियम के अंतर्गत संक्षम प्राधिकारी के कार्य करने के लिए एतद्द्वारा प्राधिकृत करती है ।

अनुसूची

प्राधिकारी	पता	क्षेत्रीय क्षेत्राधिकार
उपायुक्त	सिबसागर, जोरहाट (असम)	जोरहाट सबडिवीजन असम राज्य

[सं० 12017/1/77-आई० एण्ड एल०/प्रोडक्शन]

एस० एम० वाई० नदीम, अवर सचिव

MINISTRY OF PETROLEUM, CHEMICALS & FERTILIZERS

(Department of Petroleum)

New Delhi, the 20th April, 1979

S.O.1451.—In pursuance of clause (a) of Section 2 of the P & MP (Arul) Act, 1962 (50 of 1962), The Central Government hereby authories the authority mentioned in column (1) of the Schedule below to perform the functions of the Competent Authority under the Act, within the limits of the state mentioned in the corresponding entry in the column (3) of the said schedule.

SCHEDULE

Authority	Address	Territorial Jurisdiction
Deputy Commissioner	Sibsagar Jorhat (Assam)	Jorhat Sub-division Assam State

[No. 12017/1/77-I & L/Prod.]

S.M.Y. NADEEM, Under Secy.

पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय

नई दिल्ली, 28 अप्रैल, 1979

का. आ. 1452.—यतः 26 अप्रैल, 1979 को इंडियन एयरलाइन्स के बोइंग 737 विमान वी. टी.-ई. सी. आर. ने जो अनुसूचित उड़ान आई सी-530 (त्रिवेन्द्रम-मद्रास) को परिचालन कर रहा था मद्रास हवाई अड्डे पर ध्वंसावतरण किया ।

और यतः केन्द्रीय सरकार की दृष्टि में उक्त दुर्घटना की एक जांच समिति द्वारा जांच किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है

अतः अब, वायुयान नियम, 1937 के नियम 74 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उक्त दुर्घटना की परिस्थितियों एवं दुर्घटना के संभावित मुख्य कारणों को निर्धारित करने के लिए एक जांच समिति नियुक्त करती है जिसमें निम्नलिखित व्यक्ति सम्मिलित होंगे, अर्थात् :—

1. श्री एस· रामामृतम,
   नागर विमान के भूतपूर्व महानिदेशक — अध्यक्ष
2. डा. के. आर. के. राव, डी सी एस ओ,
   विस्फोटक अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला — सदस्य
3. कॅप्टेन जेड. ए. लालकाका,
   उप परिचालन प्रबंधक, एयर इंडिया — सदस्य
4. श्री आर. वरदराजन,
   डिजाइनर, एच. ए. एल. — सदस्य
5. श्री बी. आर. चोपड़ा, डी. डी. ए. एस.
   नागर विमानन विभाग — सदस्य-सचिव

समिति से अपनी रिपोर्ट दो महीने की अवधि के अन्दर प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है ।

[फा· सं. एवी-15013/6/79-ए]

एस. एकाम्बरम, उप सचिव

MINISTRY OF TOURISM & CIVIL AVIATION

New Delhi, the 28th April, 1979

S.O. 1452.—Whereas Indian Airlines Boeing 737 aircraft VT-ECR crash landed on 26th April, 1979 at Madras Airport while on a scheduled flight IC-530 (Trivandrum-Madras).

And whereas, it appears necessary to Central Government that it is expedient to hold an inquiry into the said accident by a Committee of Inquiry.

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by Rule 74 of Aircraft Rules, 1937, the Central Government hereby appoints a Committee of Inquiry composed of the following persons to determine the circumstances of the accident and probable causes leading to the accident :—

1. Shri S. Ramamritham, Ex-Director General of Civil Aviation — ..Chairman
2. Dr. K. R. K. Rao, DCSO, Explosive Research & Development, Laboratory — ..Member
3. Capt. Z. A. Lalkaka, Deputy Operations Manager, Air-India — ..Member
4. Shri R. Varadarajan, Designer, Hindustan Aeronautics Ltd. — ..Member
5. Shri B. R. Chopra, DDAS, Civil Aviation Department — ..Member-Secretary

The Committee is required to submit its report within a period of two months.

[F. No. Av. 15013/6/79-A]

S. EKAMBARAM, Dy. Secy.

नौवहन एवं परिवहन मन्त्रालय

(परिवहन पक्ष)

नई दिल्ली, 18 अप्रैल, 1979

का. आ. 1453.—नौवहन विकास निधि समिति (सामान्य) नियम, 1960 के नियम 5 के साथ पठित व्यापार पोत अधिनियम, 1958 (1958 का 44) की धारा 15 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों

का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार भारत सरकार के भूतपूर्व परिवहन और संचार मंत्रालय (परिवहन विभाग—परिवहनपक्ष) की दिनांक 17 मार्च, 1969 की अधिसूचना सं. सा. आ. 628 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना में क्रम सं. 8 और तत्संबंधी प्रविष्टियों को हटा दिया जाए और अगली क्रम संख्या का क्रम सं. 8 किया जाए।

[सं. एम.एस.डी.(24)/69-एम.डी.]

MINISTRY OF SHIPPING & TRANSPORT

(Transport Wing)

New Delhi, the 18th April, 1979

S.O. 1453.—In exercise of the powers conferred by sub-section (i) of Section 15 of the Merchant Shipping Act, 1958 (44 of 1958) read with Rule 5 of the Shipping Development Fund Committee (General) Rules, 1960 the Central Government hereby makes the following amendments in the notification of the Government of India in the late Ministry of Transport and Communication (Department of Transport-Transport Wing) No. S.O. 628, dated 17th March, 1969 namely :—

In the said notifications, S. No. 8 and the entries relating thereto shall be deleted and the subsequent serial number shall be renumebered as S. No. 8.

[No. MSD(24)/69-MD]

नई दिल्ली, 21 अप्रैल, 1979

का. आ. 1454.—शिपिंग डेवलपमेंट फण्ड कमेटी (जनरल) रूल्स, 1960 के नियम, 5 के साथ पठित मर्चेण्ट शिपिंग एक्ट 1958 (1958 का 44) के खंड 15 के उपखंड (1) के अधीन प्रत्यायोजित शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार पहले के परिवहन और संचार मंत्रालय (परिवहन विभाग-परिवहन पक्ष) की अधिसूचना संख्या का. आ. 628, दिनांक 17 मार्च, 1959 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना में क्रम सं 6 में दिए गए पाठ के स्थान पर निम्नलिखित पाठ रखा जाए, अर्थात् :—

"संयुक्त सचिव, भारत सरकार, नौवहन के मामलों से नौवहन और परिवहन मंत्रालय।"

[सं. एम. एस. डी./24/79-एम. डी.]

श्रीमती बी. निर्मल, अवर सचिव

New Delhi, 21st April, 1979

S.O. 1454.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 15 of the Merchant Shipping Act, 1958 (44 of 1958) read with Rule 5 of the Shipping Development Fund Committee (General) Rules, 1960, the Central Government hereby makes the following amendments in the notification of the Goverment of India in the late Ministry of Transport and Comminication (Department of Transport-Transport Wing) No. S.O. 628, dated 17th March, 1959 namely :—

In the said notification for the entries against S. No. 6, the following entries shall be substituted, namely :—

"Joint Secretary to the Government of India, dealing with Shipping, Ministry of Shipping and Transport".

[No. MSD/24/79-MD]

Smt. B. NIRMAL, Under Secy

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

नई दिल्ली, 23 अप्रैल, 1979

का. आ. 1455.—चलचित्र (सेंसरशिप) नियमावली, 1958 के नियम 10 के साथ पठित चलचित्र अधिनियम, 1952 (1952 का 37वां) की धारा 5 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सूचना सेवा के ग्रेड-1 के अधिकारी श्री विवेकानन्द राय को 9-4-1979 के पूर्वान्ह से अगले आदेश तक, केन्द्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड, कलकत्ता के प्रादेशिक अधिकारी के पद पर स्थानापन्न रूप से नियुक्त करती है।

[संख्या 2/4/78-एफ. सी. खण्ड-2]

के. एस. वेंकटरामन, डेस्क अधिकारी

MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING

New Delhi, the 23rd April, 1979

S.O. 1455.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 5 of the Cinematograph Act, 1952 (37 of 1952), read with rule 10 of the Cinematograph (Censorship) Rules, 1958, the Central Government is pleased to appoint Shri Bibekananda Ray, a Grade 1 Officer of the Central Information Service, to officiate as Regional Officer, Central Board of Film Censors, Calcutta with effect from 9-4-1979 F.N. until further orders.

[F. No. 2/4/78-FC]

K. S. VENKATARAMAN, Desk Officer

श्रम मंत्रालय

आदेश

नई दिल्ली, 23 मार्च, 1979

का० आ० 1456.—इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट औद्योगिक विवाद पीठासीन अधिकारी, केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, दिल्ली के समक्ष साम्बित है ;

और प्रशासनिक कारणों से केन्द्रीय सरकार, उक्त विवाद को न्यायनिर्णयन के लिए केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, नई दिल्ली को अन्तरित करना वांछनीय समझती है ;

अतः अब, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 33ख की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, पीठासीन अधिकारी, केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, दिल्ली से उक्त विवाद से सम्बद्ध कार्यवाहियों को वापस लेती है और उन्हें उक्त अधिनियम की धारा-7क के अधीन गठित केन्द्रीय सरकार के औद्योगिक अधिकरण, नई दिल्ली को अन्तरित करती है तथा यह निदेश देती है कि उक्त केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, नई दिल्ली आगे कार्यवाहियां उसी प्रक्रम से करेगा, जिस पर वे उसे अन्तरित की जाएं और विधि के अनुसार उनका निपटान करेगा।

अनुसूची

क्रम सं०	विवाद के पक्षकार	निर्देशक संख्यांक और तारीख
1.	इण्डियन एयर-लाइन्स के प्रबंधतंत्र और उनके कर्मकार।	आदेश सं० एल-11012/(4)/75-डी-2 (बी) तारीख 3-9-1975 (1975) का (मामला सं० सी० जी० आई० डी०/57)

[सं० एल-11012/4/75—डी-II (बी)]

हरबंस बहादुर, डेस्क अधिकारी

MINISTRY OF LABOUR

ORDER

New Delhi, the 23rd March, 1979

S.O.1456—Whereas the industrial dispute specified in the Schedule hereto annexed is pending before the Presiding Officer Central Government Industrial Tribunal, Delhi :

And whereas for administrative reasons, the Central Government considers it desirable to transfer the said disputes for adjudication to the Central Government Industrial Tribunal, New Delhi.

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 33B of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby withdraws the proceedings in relation to the said dispute from the Presiding Officer, Central Government Industrial Tribunal, Delhi and transfers the same to the Central Government Industrial Tribunal, New Delhi constituted under section 7A of the said Act and directs that the said Cetnral Government Industrial Tribunal, New Delhi, shall proceed with the said proceedings from the stage at which they are transferred to it and dispose of the same according to law.

SCHEDULE

Sl. No.	Parties to the dispute	Reference number and date
1.	Management of Indian Airlines and their workmen.	Order No. L-11012(4)/75-D.II (B) dated 3-9-1975 (Case No. C.G.I. D./57 of 1975).

[No. L-11012(4)/75-D.II (B)]

HARBANS BAHADUR, Desk Officer

नई दिल्ली, 18 अप्रैल, 1979

का. आ. 1457.—भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का. आ. 782, दिनांक 1 अप्रैल, 1979 द्वारा गठित श्रम न्यायालय, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है, के पीठासीन अधिकारी का पद रिक्त हो गया है ;

अतः अब, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 8 के उपबन्धों के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार श्री एन. एल. ककर को पूर्वोक्त गठित श्रम न्यायालय का पीठासीन अधिकारी नियुक्त करती है।

[संख्या एस. 11020/6/79/डी 1 ए]

एल. के. नारायणन्, डेस्क अधिकारी

New Delhi, the 18th April, 1979

S.O. 1457.—Whereas a vacancy has occurred in the Office of the Presiding Officer of the Labour Court with headquarters at Delhi constituted by the Notification of the Government of India in the Ministry of Labour Employment and Rehabilitation No. S. O. 782 dated the 1st April, 1959;

Now, therefore, in pursuance of the provisions of section 8 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby appoints Shri N. L. Kakkar, as the Presiding Officer of the Labour Court constituted as aforesaid.

[No. S. 11020/6/79/DI(A)]

L. K. NARAYANAN, Desk Officer

नई दिल्ली, 19 अप्रैल, 1979

का. आ. 1458.—मैसर्स सेन्ट्रल इंडिया मशीनरी मैन्यूफैक्चरिंग कम्पनी लिमिटेड, (इस्पात ढलाई खंड और वस्त्र खंड), डाकघर बिरला नगर, ग्वालियर (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापन कहा गया है) ने कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है की धारा 17 की उपधारा (2-क) के अधीन छूट दिए जाने के लिए आवेदन किया है।

और केन्द्रीय सरकार का समाधान हो गया है कि उक्त स्थापन के कर्मचारी, कोई पृथक अभिदाय या प्रीमियम का संदाय किए बिना ही भारतीय जीवन बीमा निगम की समूह बीमा स्कीम के अधीन जीवन बीमा के रूप में फायदा उठा रहे हैं और ऐसे कर्मचारियों के लिए ये फायदे उन फायदों से अधिक अनुकूल हैं जो कर्मचारी निक्षेप संबंधित बीमा स्कीम, 1976 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्कीम कहा गया है) के अधीन उन्हें अनुज्ञेय हैं ;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (2-क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट शर्तों के अधीन रहते हुए, उक्त स्थापन को, उक्त स्कीम के सभी उपबंधों के प्रवर्तन से छूट देती है।

अनुसूची

